<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–31.12.2024 (संध्या 1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, छात्रवृति वितरण की प्रगति पर जतायी नाराजगी, तीन दिनों में सुधार लाने का सख्त निर्देश।
- भाजपा ने बेरोजगारी मामले पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर फिर साधा निशाना, कहा– जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं के लिए नियुक्ति कैलेंडर जारी को लेकर सरकार ने नहीं की पहल।
- नक्सलियों के खिलााफ राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, इस साल दो सौ चौवालीस नक्सली हुए गिरफ्तार, एक सौ चौवन अपराधी भी पकड़े गये।
- नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ रामगढ़ में चला बड़ा अभियान, डेढ़ करोड़ रुपये का डोडा बरामद।
- मौसम विभाग के अनुसार कल छाया रहेगा कोहरा, नये साल को लेकर रांची समेत राज्यभर के पिकनिक स्थलों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम, एंटी क्राइम चेकिंग अभियान भी तेज।

*****************

राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने आज रांची के मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स में सभी जिलों के कल्याण पदाधिकारियों, परियोजना निदेशकों, आईटीडीए और प्रमंडलीय उप–निदेशकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक की। इस दौरान मंत्री चमरा लिंडा ने प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण के मामले में रामगढ़ और कोडरमा जिला के प्रति नाराजगी जताई। उन्होंने रामगढ़ और कोडरमा के कल्याण पदाधिकारियों को अगले तीन दिनों के भीतर छात्रवृत्ति राशि वितरण करने का सख्त निर्देश दिया।

*****************

सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने गरीब रथ एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। उन्होंने पलामू के मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर गरीब रथ एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। दरअसल, इसी महीने आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा के लिए श्री मुरुगन ने पलामू का तीन दिवसीय दौरा किया था। इसी क्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री से स्थानीय सांसद और विधायकों के साथ–साथ स्थानीय लोगों ने मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर गरीब रथ एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की थी।

*****************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि झारखंड में बेरोजगारी आसमान छू रही है। श्री मरांडी ने कहा है कि हेमंत सोरेन ने पहली कैबिनेट बैठक के बाद 1 जनवरी 2025 से पूर्व जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं के लिए नियुक्ति कैलेंडर जारी करने का घोषणा की थी लेकिन इस दिशा में भी कोई पहल नहीं की गई है।

*****************

कांग्रेस ने लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत को झारखंड के अलावा छत्तीसगढ़, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कांग्रेस संसदीय दल का राज्य कमेटी संयोजक बनाया है। इस आशय का पत्र कांग्रेस संसदीय दल के सेक्रेट्री डॉ अमर सिंह ने जारी कर दिया है। सुखदेव भगत को इन पांच राज्यों के सांसदों के साथ समन्वय स्थापित करना होगा।

*****************

वर्ष 2024 में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। आज साल के आखिरी दिन आईजी अभियान एवी होमकर, आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज और डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम ने रांची स्थित पुलिस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान वर्ष भर की उपलब्धियों की जानकारी दी। आईजी अभियान एवी होमकर ने बताया कि वर्ष 2024 में 244 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है।

आईजी अभियान ने बताया कि राज्य में संगठित अपराध के खिलाफ भी पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। उन्होंने बताया कि विभिन्न आपराधिक गिरोहों के 154 सदस्य इस साल पकड़े गये हैं। इसके अलावा अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस का अभियान काफी कारगर साबित हुआ है। श्री होमकर ने बताया कि एंटी

नारकोटिक्स टास्क फोर्स की ओर से अब तक एक करोड़ 82 लाख रुपए से अधिक नगद राशि बरामद की गई है।

मौके पर मौजूद आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज ने साइबर अपराध को खिलाफ पुलिस को मिली सफलता की जानकारी दी।

*****************

उधर, जामताड़ा में भी पुलिस को साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बकारीब ने बताया कि वर्ष 2024 के दौरान जिले से दो सौ बाइस साइबर अपराधी गिरफ्तार किये गये हैं।

*****************

रामगढ़ जिले में पुलिस ने डोडा की एक बड़ी खेप पकड़ी है। रांची–पटना राजमार्ग पर मांडू थाना क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप के निकट से पुलिस ने एक ट्रक से 19 क्विवंटल डोडा जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि इसकी अनुमानित कीमत डेढ़ करोड़ रुपये आंकी गयी है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

*****************

नये साल के जश्न को देखते हुए राजधानी रांची समेत राज्यभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। जमशेदपुर में पुलिस ने शहर के 32 स्थानों पर चेकिंग प्वाइंट बनाए हैं। आज रात दस बजे से आधी रात के बाद दो बजे तक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान भी चलाया जाएगा। नए साल में शहर के प्रसिद्ध जुबली पार्क आने वाले सैलानियों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसको लेकर पार्क के बीच से वाहनों के आने जाने पर 2 जनवरी तक रोक लगा दी गई है।

*****************

उधर, दुमका के विश्वप्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ मंदिर में साल के आज अंतिम दिन भारी संख्या में भक्त पहुंचे और बाबा फौजदारी नाथ की पूजा अर्चना की। कल नव वर्ष पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने के संभावना को लेकर विशेष तैयारी की गयी है। इस सिलसिले में अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों, पुलिस पदाधिकारियों और पड़ा पुरोहितों की बैठक हुई। बैठक में भीड़ नियंत्रण तथा श्रद्धालुओं के सुगम जलार्पण के लिए रणनीति बनाई गई।

*****************

आकाशवाणी रांची केंद्र के अभियांत्रिकी विभाग के तीन सदस्य आज सेवानिवृत हो गये। सहायक अभियंता पास्कल तिग्गा, अभियांत्रिकी सहायक तरुण घोष और डीजल तकनीशियन रोशन लाल हेंब्रम के सम्मान में आकाशवाणी केंद्र की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। केंद्राध्यक्ष डीसी हेंब्रम और उपनिदेशक एपी सिंह ने तीनों को सम्मानित किया और उन्हें बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

*****************

वर्ष 2024 के समापन के अवसर पर आज समाचार एकांश द्वारा (ईयर एन्डर–2024) प्रसारित किया जाएगा। इसे आप सुन सकेंगे आज रात सवा आठ बजे आकाशवाणी रांची के प्राइमरी चैनल पर।

*****************

मौसम विभाग ने राज्य में नये साल की शुरुआत कोहरे से होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। विभाग के अनुसार राज्य के उत्तरी इलाकों में घना कोहरा छाये रहने की संभावना है। हालांकि दिन चढ़ने के साथ ही आसमान साफ हो जायेगा। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र की माने तो अगले एक से दो दिन तक न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। इससे ठंड बढ़ सकती है।

*****समाप्त******